an>

Title: Regarding giving Sambhajinagar, Maharasthra status of Regional Centre by Sports Authority of India.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र संभाजीनगर, महाराÂट्र में लगभग 107 एकड़ में फैला भारतीय खेल प्राधिकरण(एसएआई) का हरा-भरा परिसर है। यह परिसर बाबा साहेब अम्बेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय ने 99 वÂाऩ के लीज़ पर दिया है। भारतीय खेल प्राधिकरण के इस खेल परिसर में बहुत सारी सुविधाएँ उपलब्ध हैं और बहुत-सी अन्य सुविधाओं को निकट भविÂय में शुरू किया जा सकता है।

पिछले दो वÂाार्ों से मैं संभाजीनगर, महाराÂट्र के भारतीय खेल प्राधिकरण को क्षेत्रीय केन्द्र (रीजनल सेंटर) का दर्जा देने की मांग कर रहा हूँ1 परन्तु आज तक मेरी यह मांग पूरी नहीं हुई है1 इस केन्द्र को अभी उप-केन्द्र का दर्जा प्राप्त है और इसे पश्चिमी क्षेत्र के ट्रेनिंग सेंटर के रूप में प्रयोग किया जा रहा है।

आपके माध्यम से माननीय खेल मंत्री जी से मेरी मांग है कि संभाजीनगर, महाराÂट्र में भारतीय खेल प्राधिकरण को क्षेत्रीय केन्द्र (रीजनल सेंटर) का दर्जा तुरंत दिया जाए। इसके साथ ही साथ इस केन्द्र में आवश्यक खेल सुविधाएँ जैसे सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, सिंथेटिक हॉकी सरफेस, इंडोर शूटिंग रेंज और अन्तर्राÂट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल का निर्माण तुरंत किया जाए एवं इसके लिए आवश्यक बजट जारी किया जाए। इस प्रकार की खेल सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त केन्द्र अब मिल पाना मुश्किल है। 25 फरवरी, 2015 को संभाजीनगर में ही भारतीय खेल प्राधिकरण का क्षेत्रीय केन्द्र बनाने के लिए महाराÂट्र सरकार ने भारत सरकार को लिखित रूप से पत्र के माध्यम से सिफारिश किया है।

अतः संभाजीनगर में भारतीय खेल प्राधिकरण की 107 एकड़ जमीन, हरा-भरा क्षेत्र, यहाँ की सुविधाएं और विस्तार की संभावनाओं को देखते हुए तुरंत इसे क्षेत्रीय केन्द्र घोÂिात किया जाए, मैं ऐसी मांग करता हूँ।